No. of Printed Pages : 2

एम.एच.डी.-7

हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम.ए. हिन्दी)

सत्रांत परीक्षा

08541

दिसम्बर, 2018

एम.एच.डी.-7 : भाषा-विज्ञान और हिन्दी भाषा

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

*नोट : कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । खण्ड क से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के तथा खण्ड ख से **दोनों** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

खण्ड क

*निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :*

1. संप्रेषण के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए उसके सामाजिक परिप्रेक्ष्य पर प्रकाश डालिए । *10*

2. तुलनात्मक भाषा-विज्ञान को परिभाषित करते हुए भाषाओं के वर्गीकरण पर विचार कीजिए । *10*

3. रूपिम की संकल्पना स्पष्ट करते हुए शब्द-निर्माण में इसके प्रकार्यों का उल्लेख कीजिए । *10*

4. अर्थ की प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए अर्थ-ग्रहण की प्रक्रिया को स्पष्ट कीजिए । *10*

5. भाषा-शिक्षण के संदर्भ में भाषा के विभिन्न रूपों का परिचय दीजिए । *10*

6. अनुवाद का तात्पर्य स्पष्ट करते हुए उसकी प्रकृति, क्षेत्र और उपयोगिता का उल्लेख कीजिए । *10*

खण्ड ख

7. निम्नलिखित में से किन्हीं *दो* में अंतर स्पष्ट कीजिए : *2×5=10*

(क) भाषाई दक्षता और भाषा-व्यवहार

(ख) बहिरंग आलोचना और अंतरंग आलोचना

(ग) महाप्राण और अल्पप्राण

(घ) मातृभाषा और संपर्क भाषा

8. निम्नलिखित में से किन्हीं *दो* पर टिप्पणियाँ लिखिए : *2×5=10*

(क) समाज भाषा-विज्ञान

(ख) अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी

(ग) भाषा-दोष

(घ) अनेकार्थकता